
# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाश क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## दो दिवसीय योग–स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
## (10 से 11 दिसम्बर 2021)

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ तथा विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग के तत्वाधान में ग्राम रमतला के प्राथमिक शाला प्रांगण में दो दिवासीय (10 से 11 दिसम्बर 2021) योग–स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली छात्र–छात्राओं को श्री डोंगेश्वर साहू द्वारा योग एवं स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही इस काग्रकम में सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ के प्रमुख डॉ. संजीव कुमार लावनियाँ तथा स्कूल के शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur







प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ
पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त)
विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर

# National Mental Health Awareness Program

## World Mental Health day (10 October, 2021)

## Entitled – MENTAL HEALTH IN AN UNEQUAL WORLD

## / / प्रतिवेदन / /

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर व भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर तथा साइकोलॉजिकल फोरम छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय ऑनलाईन ''मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। यह कायक्रम 10 अक्टूबर, 2021 की दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे के बीच आयोजित हुआ। आयोजन समिति के द्वारा google meet app का लिंक प्रसारित किया गया था। लिंक के माध्यम से अनेक राज्यों के प्राध्यापक, विद्यार्थी व आम जनों ने ऑनलाईन जुड़कर कार्यक्रम में अपने सहभागिता दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से गाइडेंस एवं काउंसलिंग पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों ने चर्चा का लाभ उठाया।

उद्घाटन सत्र में डॉ. बसंत कुमार सोनबेर, अध्यक्ष – साइकोलॉजिकल फोरम छत्तीसगढ़ ने स्वागत भाषण देते हुए अभ्यागतों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ होना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक रूप से स्वस्थ होना। इस अवसर पर सह संरक्षक डॉ. (श्रीमति) इन्दु अनन्त, कुलसचिव, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक कदम उठाने संबधी अपनी ईच्छा व्यक्त की इसी प्रकार द्वय सहसंरक्षक डॉ. के आर ध्रुव, प्राचार्य बी पी डी शासकीय, पी. जी. महाविद्यालय कांकेर ने मानसिक स्वास्थ्य के इतिहास पर चर्चा करते हुए कहा कि विलियम स्वीटजर प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने ''मानसिक स्वास्थ्य'' को पहली बार स्पष्ट रूप से परिभाषित किया। उन्होंने अपने भाषण में इसाक रे, डोरोथिया डिक्स तथा क्लिफर्ड बीयर्स जैसे मनोविज्ञानियों की भी चर्चा की। कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. बी. जी. सिंह, माननीय कुलपति, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने कहा कि लिंग, जाति, सामाजिक आर्थिक आदि आधारों पर भेदभाव समाज की मानसिक अस्वस्थता को प्रदर्शित करता है इस विषय पर बहुत बातें और शोध हो चुके हैं अब सभी स्तर पर ठोस उपायों की आवश्यकता है। उद्घाटन सत्र की समाप्ति पर डॉ. रोली तिवारी, कोषाध्यक्ष, साइकोलॉजिकल फोरम छत्तीसगढ़ ने सम्माननीय वक्तागणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

S. R
Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

तकनीकी सत्र दोपहर 12:50 से प्रारंभ हुआ। इस सत्र को सर्वप्रथम प्रो. ए. वी. एस. मद्नावत, भूतपूर्व प्राध्यापक (मनोविज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर)ने संबोधित किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के अनेक उपायों पर चर्चा की। विभिन्न उपायों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि – सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताना, नया सीखते रहना, दूसरों की सहायता करना, तनावों को दूर रखना, शान्त रहना, लक्ष्य की ओर शक्ति लगाना, जरूरत पड़ने पर मदद लेना, योगाभ्यास करना आदि अनेक उपाय है जिससे मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा की सकती है। प्रो. प्रोमिला सिंह, भूतपूर्व प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छ. ग. ने इस अवसर पर कहा कि यह अति आवश्यक है कि हम किस तरह से सोंचते हैं कार्य करते है या महसूस करते है या हमारे करीबी लोग कैसा महसूस करते हैं। उन्हें देखते हुए यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि हम सभी को स्वस्थ्य और प्रसन्न रहने के लिये हर तरह की सहायता करनी चाहिये। तकनीकी सत्र. के अंतिम वक्ता डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचान्दुर दुर्ग ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए योग के कुछ विशिष्ट अंगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सजगता के अभ्यास से हम चिन्ता व तनाव संबंधी लक्षणों को कम करने में काफी अधिक सक्षम हो पाते हैं। प्राणायाम के माध्यम से हम अपनी भावनाओं और तनावों पर काबू रख सकते है। ध्यान से हमें शांति मिलती है, नकारात्मक भावनाएं कम होती है और हमारी सहन शक्ति बढ़ती है। योग मानसिक स्वास्थ्य के लिये सर्वकालिन एवं वैज्ञानिक कारक है। सहसंयोजक डॉ. एस. रूपेन्द्र राव ने कहा कि हम सबका साझा प्रयास होना चाहिये कि हम मिलकर एवं पूर्ण रूपेण स्वस्थ्य समाज का निर्माण करें। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम संयोजक

अध्यक्ष
मनोविज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
बिलासपुर (छ.ग.)

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा. / पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम

**29 दिसंबर, 2018 से 02 जनवरी, 2019 तक**

ग्राम रमतला में राष्ट्रीय सेवा योजना (महिला विंग) शिविर दिनांक 29 दिसंबर, 2018 से 02 जनवरी, 2019 तक आयोजित हुआ। पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग द्वारा 5 दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया।

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के कुलसचिव महोदय ने स्वयं अमूल्य समय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में दिया तथा विश्वविद्यालय की ओर से सभी आवश्यक सहयोग दिया। योग विज्ञान विभाग द्वारा योग प्रशिक्षण कु. श्वेता कुर्रे योग प्रशिक्षिका द्वारा दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में आए शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं अन्य कर्मचारियों के साथ ही ग्राम रमतला के निवासरत नागरिकों ने योगभ्यास का प्रशिक्षण लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में उपस्थित शिक्षिकाओं एवं छात्रों ने विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अन्य सहयोग एव योग प्रशिक्षण हेतु आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

ग्राम रमतला के ग्रामवासियों ने विश्वविद्यालय से निवेदन किया कि ऐसे स्वास्थ्य एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आगे भी आयोजित कर ग्राम को लाभावित करते रहे। उन्होंने कहा कि हम सभी को 05 दिवसीय योग प्रशिक्षण में योगाभ्यास के अनेक अंगों को जानने व समझने का अवसर मिला तथा स्वास्थ्य लाभ हेतु योगाभ्यास का महत्त्व समझ पाए। ऐसे प्रशिक्षण पुनः विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त होता रहें इसी आशा के साथ ग्रामवासियों ने कार्यक्रम की सराहना एवं प्रशंसा की। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में आए शिक्षिकाओं, छात्राओं, कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों सहित कुल 90 लोग शामिल हुए।

S. R. Rao

कार्यक्रम संयोजक
डॉ. एस. रूपेन्द्र राव
(विभाग प्रमुख – मनोविज्ञान / योग विज्ञान विभाग)
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
बिलासपुर (छ.ग.)

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open) University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

S. R. Rao

**Dr. S. Rupendra Rao**
**Incharge NAAC Criteria-III**
**PSSOU, CG Bilaspur**

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## स्वच्छता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण – ग्राम बैमा

**06 दिसंबर 2019**

दिनांक 06.12.2019 को दोपहर 01:00 बजे से पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ के द्वारा गोद ग्राम बैमा में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संवर्धन तथा वृक्षारोपण का संयुक्त कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के तहत् ग्राम के निस्तारी तालाब, स्कूल, डबरा, नाली, सड़क एवं गलियों की सफाई का कार्य किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात् ग्रामीणों में जागरूकता हेतु सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम की सफाई, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, स्वालंबन एवं महिला उत्थान के प्रशिक्षण पर विशेष चर्चा की गई एवं इससे संबंधित पर्चा (पुस्तिका) का वितरण किया गया। इसके पश्चात् सभी लोगों ने मिलकर गांव के कई जगहों पर वृक्षारोपण भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। उपरोक्त संयुक्त कार्यक्रम में ग्रामीणों के अतिरिक्त अन्य लोग भी शामिल हुए।

संयोजक
अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
बिलासपुर (छ.ग.)

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

प्रथम वार्षिक संगोष्ठी

साइकोलॉजीकल फोरम छत्तीसगढ़

''छत्तीसगढ़ में **मनोविज्ञान का कार्यक्षेत्र, चुनौतियां एवं विकास''**

(Scope, Challenges and development of Psychology in Chhattisgarh)

**18 मई, 2019**

पण्डित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के मनोविज्ञान विभाग एवं साइकोलॉजीकल फोरम छत्तीसगढ़, के संयुक्त तत्ववधान में ''छत्तीसगढ़ में मनोविज्ञान का कार्यक्षेत्र, चुनौतियां एवं विकास''(Scope, Challenges and development of Psychology in Chhattisgarh) विषय पर प्रथम वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन, दिनांक 18 मई, 2019 को किया गया।

इस कार्यक्रम के संरक्षक प्रोफेसर बंश गोपाल सिंह, कुलपति पण्डित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर, संयोजक डॉ बसंत कुमार सोनबेर अध्यक्ष साइकोलॉजीकल फोरम छत्तीसगढ़, सह संयोजक डॉ गौतमी भटपहरी, डॉ जय सिंह, आयोजन सचिव डॉ एस.रुपेन्द्र राव विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग पण्डित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर रहे।

संगोष्ठी में, छत्तीसगढ़ में मनोविज्ञान की स्थिति, छत्तीसगढ़ में मनोविज्ञान की चुनौतियां, मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिये सरकार की पहल, युवाओं के विकास और इनमें मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप की आवश्यकता, वृद्धावस्था की समस्याएं और मनोवैज्ञानिकों की भूमिका, सामाजिक आर्थिक स्थिति और मानसिक स्वास्थ्य व पर्यावरणीय परिस्थितियां और मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा शोध–पत्र प्रस्तुत किये गये।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ में मनोविज्ञान के कार्यक्षेत्र, चुनौतियां एवं विकास पर चर्चा की साथ ही इस संगोष्ठी में मनोविज्ञान के क्षेत्र की समस्याओं तथा संभावित समाधानों पर चर्चा की। कार्यक्रम में पण्डित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के समस्त विभागों के विभाग प्रमुख, सहायक प्राध्यापक अन्य विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, शोधार्थी व छात्र सहित कुल 77 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

S. R. Rao
आयोजन सचिव

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open) University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा. / पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## / /योग जागरण यात्रा/ /

06 अगस्त, 2018

योग आयोग द्वारा आयोजित योग जागरण यात्रा दिनांक 06 अगस्त 2018 को श्री गुरूनानक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर से प्रारंभ हुआ। योग आयोग द्वारा "योग जागरण यात्रा" का उद्देश्य संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लोगों को योग एवं स्वास्थ्य लाभ हेतु सजग करना था। पूरे छत्तीसगढ़ में अलग–अलग तिथियों में योग जागरण यात्रा रैली निकाली गई साथ ही जागरूकता विषयक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। 06 अगस्त को श्री गुरूनानक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर में योग जागरण यात्रा का कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर प्रो. गौरी दत्त शर्मा माननीय कुलपति बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं प्रो. बंश गोपाल सिंह माननीय कुलपति पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर उपस्थित रहें। कुलपति द्वय ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग आयोग ने योग विषय की जानकारी एवं स्वास्थ्यवर्धन एवं जागरूकता हेतु जो प्रयास योग जागरण यात्रा के रूप में किया हैं उसके लिए योग आयोग के सभी सदस्यों को साधुवाद एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलपति जी ने कहा कि योग जागरण यात्रा के उद्देश्य को सफल बनाने में हमारी पूर्ण सहभागिता रहेंगी। कुलसचिव ने योग जागरण यात्रा में उपस्थित सभी लोगों को योग के प्रचार प्रसार हेतु साधुवाद दिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अथितियों द्वारा योग जागरण यात्रा रैली को हरी झण्डी दिखाते हुए रवाना किया गया। इस अवसर पर पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग के विभाग प्रमुख एवं योग शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दी।

S. R. Rao

अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.

कार्यक्रम संयोजक
डॉ. एस. रूपेन्द्र राव
(विभाग प्रमुख – योगविज्ञान/मनोविज्ञान विभाग)
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

S. R. Rao

**Dr. S. Rupendra Rao**
**Incharge NAAC Criteria-III**
**PSSOU, CG Bilaspur**

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा. / पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## / / योग शिविर / /

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा ग्राम चिल्हाटी में दिनांक 04–05 जून 2018 में निःशुल्क योग प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में योग विज्ञान विभाग द्वारा योग प्रशिक्षक श्री राघव वर्मा द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। देव संस्कृति विद्यालय चिल्हाटी के शिक्षकों एवं छात्रों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की इन योगाभ्यासों में आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंध, शट्कर्म एवं ध्यान आदि के अभ्यास से विद्यार्थियों में योग के प्रति जिज्ञासा दिखाई दी। प्रशिक्षण के लिए देव संस्कृति विद्यालय चिल्हाटी के समस्त शिक्षको एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.

कार्यक्रम संयोजक
डॉ. एस. रूपेन्द्र राव
(विभाग प्रमुख – मनोविज्ञान / योग विज्ञान विभाग)
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## // योग शिविर //

**01–05 मई 2018**

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के गोद ग्राम निरतू में दिनांक 01 मई से 05 मई 2018 को निःशुल्क योग शिविर का आयोजन पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।

योग शिविर में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण सहित ग्राम में निवासरत सभी आयु वर्ग के लोग उपस्थित थे।

कुलसचिव पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर का योग शिविर में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। डॉ. राजकुमार सचदेव, कुलसचिव महोदय ने स्वयं पांच दिवसीय योग शिविर में शामिल होकर योगाभ्यास एवं अन्य गतिविधियों में अपना अमूल्य योगदान दिया। योग विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. रूपेन्द्र राव एवं योग प्रशिक्षकों ने योग शिविर में अपनी सहभागिता देते हुए योग शिविर का सफल क्रियान्वयन किया। गोद ग्राम निरतू में आयोजित योग शिविर में शामिल नागरिकों ने विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के आयोजन एवं इसके सफल क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। गोदग्राम निरतू में विश्वविद्यालय द्वारा योग शिविर के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, निःशुल्क योग शिविर आदि कार्यक्रम हुए। समस्त ग्राम वासियों ने ऐसे स्वास्थ्यवर्धक एवं जागरूकता विषयक कार्यक्रम पुनः आयोजित करने का विनम्र निवेदन किया। निःशुल्क योग शिविर में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारीगण तथा ग्रामवासियों सहित कुल 217 लोग उपस्थित रहे।

अध्यक्ष
कार्यक्रम संयोजक योग विज्ञान विभाग
डॉ. एस. रूपेन्द्र राव सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
(विभाग प्रमुख – मनोविज्ञान / योगविज्ञान विभाग) बिलासपुर (छ.ग.)
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

**Dr. S. Rupendra Rao**
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur